देश के शीर्ष औद्योगिक घरानों को साधेगी टीम योगी

- सात शहरों में रोड शो, 42 भारतीय कंपनियों के प्रमुखों से होगी मुलाकात
- अडानी, अंबानी, टाटा सहित प्रमुख कंपनियों को दिया जाएगा निमंत्रण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 की तैयारियों में जुटी राज्य सरकार अब देश के कारपोरेट जगत के दिग्गजों को साधने में जुट गई है। इस कड़ी में टीम योगी पांच से 23 जनवरी के बीच सात शहरों में रोड शो कर देश की 42 शीर्ष कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात करेगी। महानगरों में होने वाले रोड शो का नेतृत्व कैबिनेट स्तर के दो-दो मंत्री करेंगे। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुंबई में टीम का नेतृत्व करेंगे, तो वहीं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक हैदराबाद और केशव प्रसाद मौर्य कोलकाता में कमान संभालेंगे। मुख्य सचिव के नेतृत्व में छह अपर मुख्य सचिव और 10 प्रमुख सचिव की टीम भी वार्ता की मेज पर होगी। रोड शो के आयोजन में फिक्की और सीआइआइ अहम भूमिका होगी।

इन दिग्गज कंपनियों को किया जाएगा आमंत्रित : गोदरेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा ग्रुप, जेएसडब्ल्यू, एशियन पेंट्स, ब्रिटैनिया, आदित्य बिरला ग्रुप, बांबे डाइंग, नेस्ले, कोका कोला, डीसीएम श्रीराम, एसआरएफ, वर्धमान, त्रिवेणी इंजीनियरिंग, हाइडेलबर्ग सीमंट, सबरोस, मारुति सुजुकी, हीरो मोटोकार्प, आयशर, नोकिया, अशोक लेलैंड, सुंदरम फास्टनर्स, सुंदरम क्लेटन, टीवीएस मोटर्स, एल एंड टी, ग्रंडफोज पंप्स, एल्गी, लक्ष्मी मिल्स, बर्जर पेंट्स, एक्साइड, टेक्समैको, आरपी संजीव गोयनका ग्रुप, वोकहार्ट, आइटीसी, एवरेडी, अडानी ग्रुप, टोरेंट ग्रुप, हिताची, रसना, अमूल, ओसवाल इंडस्ट्रीज, अरविंद मिल्स, ईसीआइएल, एचपी, अमरा राजा, रामके, लाफरेज, मैरिनो फूड्स, दिवी लैब, डेल, आइबीएम, सेंटम इलेक्ट्रानिक्स, एबीबी, वोल्वो, टोएटा, हनीवेल, बाश और बायोकान।